**Need to constitute Airport Advisory Committee for Jaipur Airport-Laid**

श्रीमती मंजू शर्मा **(जयपुर) :** जबसे जयपुर एयरपोर्ट का निजीकरण हुआ है तब से एयरपोर्ट सलाहकार समिति का गठन नहीं हुआ है । निजीकरण से पहले एयरपोर्ट सलाहकार समिति की समय समय पर मीटिंग होती थी जिसमें यात्रियों व अन्य विषयों पर चर्चा होती थी जिनको उसमें हल कर लिया जाता था । लेकिन जबसे एयरपोर्ट का निजीकरण हुआ है, एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अभाव में यात्रियों को अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसका कोई हल नहीं निकलता है । जयपुर से सांसद होने के नाते मेरे पास भी अनेकों शिकायतें आती है । मैं कुछ नहीं कर पाती हूँ । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस विषय में उचित कदम उठाए जायें जिससे कि जल्दी से जल्दी जयपुर एयरपोर्ट सलाहकार समिति का गठन हो जिससे कि यात्रियों और अन्य की समस्याओं का निवारण हो सके ।